कथारा क्षेत्र में साइबर अपराध जागरूकता एवं बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित

दबंग हिन्द,बेरमो। सी सी एल, कथारा क्षेत्र में साइबर अपराध से बचाव व तकनीकी जागरूकता के लिए सी.सी.एल, मुख्यालय एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कथारा के द्वारा साइबर अपराध जागरूकता एवं बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन कथारा, बी&के एवं ढोरी के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए किया गया थो कार्यशाला का आयोजन ऑफिसर्स क्लब, कथारा में किया गया `स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कथारा के मुख्य प्रबंधक दिलीप कुमार ने सभी को साइबर अपराध के कारण एवं रोकथाम से लेकर इंटरनेट प्रयोग में रखी जाने वाली सावधानियां, आनलाइन ठगी, एंड्रयड फोन एवं इंटरनेट मीडिया, फेसबुक, यूटयूब आदि के प्रयोग संबंधी सूक्ष्म जानकारी प्रदान की। उन्होंने वित्तीय फ्रॉड एवं उससे बचने के तरीके से सभी को अवगत करायो मुख्यालय से आये प्रबंधक (प्रणाली) सुन्दर मोहन हंसदा ने कहा कि इनके प्रयोग में पूर्ण सतर्कता अपनाना जरूरी है, ताकि हम किसी भी प्रकार के अपराध एवं धोखाधड़ी से बच सकें। उन्होंने साइबर क्राइम, इंटरनेट, वेबसाइट, इंटरनेट मीडिया, फेक अकाउंट आदि से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंत कुमार, विभागाध्यक्ष (कार्मिक एवं प्रशाषन) ने कियो मुख्यालय से सुन्दर मोहन हंसदा, अशोक गोदारा एवं सुश्री करिश्मा ने भाग लियो कार्यक्रम को सफल बनाने में पास्कल, प्रबंधक (प्रणाली), जयदीप मजुमदार, प्रबंधक (विद्युत एवं यांत्रिकी) तथा चन्दन कुमार, उप प्रबंधक (सी एस आर) की मुख्य भूमिका रही।

Workshop on Cyber Crime Awareness and Prevention organized in CCL, Kathara area

Dabang News, Bermo. A workshop on cyber crime awareness and prevention was organized by CCL, Headquarters and State Bank of India, Kathara for the prevention and technical awareness of cyber crime in Bermo CCL, Kathara area. This workshop was organized for the employees and officers of Kathara, B&K and Dhori. Workshop was organized at Officers Club, Kathara. Dilip Kumar, Chief Manager, State Bank of India, Kathara, provided micro-information to all about the causes and prevention of cyber crime, precautions to be taken in using internet, online fraud, use of Android phone and internet media, Facebook, YouTube etc. . He made everyone aware of financial fraud and how to avoid it. Sunder Mohan Hansda, Manager (Systems), who came from the headquarters, said that it is necessary to adopt full vigilance in their use, so that we can avoid any kind of crime and fraud. He also solved many queries related to cyber crime, internet, website, internet media, fake account etc.